दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 299 | इंदौर, मंगलवार 09 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. The Kerala Story: फिल्म 'द केरल स्टोरी' यूपी में होगी टैक्स फ्री, मुख्यमंत्री योगी ने ट्वीट कर दी जानकारी
2. PFI पर खुलासा: केरल में ट्रेनिंग... मुसलमानों पर अत्याचार के नाम पर गुमराह, बेहद खतरनाक थे परवेज-रईस के मंसूबे
3. Bihar: भागलपुर में मॉर्निंग वॉक के लिए निकली महिलाओं को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला, दो की मौत, कई घायल...
4. USA: अफगानिस्तान से सेना वापसी के फैसले पर घिरी बाइडन सरकार, संसदीय समिति ने दी कानूनी कार्रवाई की धमकी
5. Israel: उग्रवादी संगठन इस्लामिक जिहाद पर इस्राइल का वार, गाजा पट्टी में एयरस्ट्राइक में मार गिराए तीन कमांडर
6. Opposition Unity: सीएम नीतीश कुमार आज नवीन पटनायक से करेंगे मुलाकात, 11 मई को शरद पवार और उद्धव से मिलेंगे
7. 'गलत राह पर न जाओ, वर्ना..': कनाडा ने चीनी राजनयिक को देश से निकाला तो भड़क गया ड्रैगन, दे डाली ये चेतावनी

# भाजपा में 3 गुट

# नाराज भाजपा-शिवराज भाजपा-महाराज भाजपा

## दिग्विजय बोले- जिन्होंने चने खाकर संगठन बनाया, उनके परिवार धक्के खा रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। इन दिनों मध्यप्रदेश भाजपा में नाराज नेताओं की बयानबाजी से प्रदेश की राजनीति खलबली मची है। इस बीच, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा है कि भाजपा में तीन गुट बन गए हैं। ये तीन गुट-शिवराज भाजपा, महाराज भाजपा, नाराज भाजपा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने भाजपा को चने खाकर बनाया, उनके परिवार धक्के खा रहे हैं। इस पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने कहा कि दिग्विजय ने स्वीकार तो किया कि कोई सोने की चम्मच लेकर भाजपा या जन संघ में नहीं आया। कार्यकर्ता ने यहां परिश्रम किया, मेहनत की और पसीना बहाया। वास्तव में चने खाकर संघर्ष करके भाजपा को खड़ा किया है।



### ● दिग्विजय ने बताई तीनों गुटों की परिभाषा

दिग्विजय ने कहा कि 20 साल में शिवराज भाजपा मालम-माल, 3 साल में महाराज भाजपा मालम-माल। इन दो भाजपा का उद्देश्य ह्यधन सेवाह्ल है, जन सेवा नहीं है। तीसरी है- नाराज भाजपा, जिसने खून- पसीना बहा कर पहली दो भाजपा को सत्ता सौंपी, लेकिन उन्हें धन सेवा से दूर रखा। केवल आदर्श का पाठ पढ़ाते रहे। वे ईमानदारी से भाजपा की सेवा करते रहे। नतीजा- अपने आसपास तीनों वर्गों के भाजपाई नेताओं, उनके बच्चों और उनके परिवारों की हालत देख लें।

वहीं, दिग्विजय सिंह ने फेसबुक पर पोस्ट शेयर की। इसमें लिखा- 20 साल में ठेकेदार व दलाल मालामाल हो गए। जिन भाजपा व संघ के ईमानदार नेताओं कार्यकतार्ओं ने खून-पसीने से चने खाकर भाजपा को खड़ा किया, वे और उनके परिवार धक्के खा रहे हैं।

दिग्विजय सिंह ने संघ और बीजेपी नेताओं पर हमला बोलते हुए लिखा है- भाजपा और संघ के बड़े नेता भाजपा कार्यकतार्ओं को उनके बच्चों को सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ने की सलाह देते हैं। खुद के बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूलों में भेजते हैं।

### ● अब भाजपा का पलटवार

भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने कहा- अच्छा है कि दिग्विजय सिंह ने खुद स्वीकार किया कि भाजपा कार्यकर्ता काम करके ऐसे कठिन रास्ते से भी विचार खड़ा करने का काम करता है। ऐसे अनेकों कार्यकर्ता हैं, जिनके परिश्रम से इतना विशाल रूप बना है।



# सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट तो होगी कार्रवाई

● आपत्तिजनक टेक्स्ट, फोटो-वीडियो फॉरवर्ड भी नहीं कर सकेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्रशासन ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो-मैसेज आदि पोस्ट करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, इंदौर जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक तथा उद्वेलित करने वाले फोटो, मैसेज पोस्ट करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस मामले में अपर कलेक्टर अजय देव शर्मा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। उक्त आदेश 25 जून 2023 तक लागू रहेगा। जारी आदेशानुसार इंदौर जिले की सीमा क्षेत्र में किसी भी आपत्तिजनक अथवा उद्वेलित करने वाले फोटो/चित्र, मैसेज करने पर, साम्प्रदायिक मैसेज एवं उनकी फॉरवर्डिंग, ट्विटर, फेसबुक, वाट्स एप इत्यादि सोशल मीडिया साम्प्रदायिक मैसेज आदि मैसेज करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही सोशल मीडिया पर इस तरह की किसी भी पोस्ट पर कमेण्ट्स करने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के थाने महू, मानपुर, किशनगंज, बडगोंदा, सिमरोल, देपालपुर, बेटमा, गौतमपुरा, हातोद, सांवेर, चंद्रावतीगंज, शिप्रा तथा खुड़ैल की सीमाओं के अंतर्गत लागू रहेगा।

# महिलाओं के लिए आकर्षक बचत योजना

● 35 पोस्ट ऑफिस में महिलाएं खुलवा सकती हैं खाते, रैली निकाल करेंगे प्रचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महिलाओं के लिए आकर्षक बचत योजना की शुरूआत की गई है। इसका काफी फायदा भी महिलाओं को होगा। दरअसल,भारत सरकार ने इस साल एक नई बचत योजना 'महिला सम्मान बचत पत्र की शुरूआत की है, जिसमें अधिकतम दो लाख रूपए तक की राशि निवेश की जा सकती है। परिपक्वता ब्याज दर 8.2 प्रतिशत एवं अवधि 2 वर्ष निर्धारित की गई है। इस योजना के अंतर्गत एक महिला अथवा अवयस्क बालिका की ओर से संरक्षक द्वारा 31 मार्च 2025 के पूर्व यह खाता खोला जा सकता है। ये खाता न्यूनतम एक हजार रूपए और एक सौ रूपए के गुणांक की राशि से खोला जा सकता है। इस योजना का फायदा लेने के लिए इन्दौर शहर के 35 पोस्ट ऑफिस से महिला सम्मान बचत पत्र के नवीन खाते खुलवाए जा सकते हैं। इस योजना के प्रचार-प्रसार के लिए 9 मई को एक रैली भी आयोजित की गई है। पोस्ट ऑफिस में कार्यरत महिला कर्मचारी शामिल रहेंगी। ये रैली सुबह 10 बजे इंदौर जीपीओ से शुरू होगी और विभिन्न सरकारी ऑफिसों से होकर निकलेगी और इन संस्थाओं में पेम्प्लेट आदि भी बांट कर इस योजना के प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान का दूसरा चरण 10 से 25 मई तक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान का द्वितीय चरण 10 मई से प्रारंभ होगा। इसके लिए 67 नागरिक सेवाओं का चयन किया है। लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने के लिए कलेक्टोरेट, जिला पंचायत समेत सभी सरकारी ऑफिसों में प्रतिदिन शिविर लगाए जाएंगे। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल ने निर्देश जारी किए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार चुनावी वर्ष में अभियान को सफल बनाने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग जुट गया है। उसने इसके लिए कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि जिन कार्यालयों में शिविर लगेंगे उनके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं। साथ ही इसके लिए जिन 67 सेवाओं का चयन किया गया है, उनके आवेदन कार्यालयों में चाहे वे ऑनलाइन हों या ऑफलाइन जो अभियान के पहले से लंबित है, उनका निराकरण अभियान के दौरान त्वरित रूप से किया जाए। साथ ही प्रतिदिन जितने आवेदनों का निराकरण किया जाए उन्हें पोर्टल पर दर्ज किया जाए। अभियान के दौरान भी जो आवेदन प्राप्त हों उनका भी निराकरण कर पोर्टल पर दर्ज किया जाए। पोर्टल पर जिले के शिविर की संख्या भी दर्ज की जाएगी। प्रत्येक कार्यालय में आने वाले आवेदकों के लिए बैठक एवं पेयजल आदि की उपयुक्त व्यवस्था भी होगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अभियान समाप्ति के बाद चिन्हांकित 67 सेवाओं का कोई भी पात्र आवेदन शेष न रहे।

# शहर में 4-5 दिन झुलसाने वाली गर्मी पड़ेगी

43 डिग्री पार हो सकता है पारा, 10 साल में पहली बार देश का सबसे गर्म शहर बना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सीजन में पहली बार गर्मी ने लोगों का पसीना छुड़ा दिया है। आज 8 मई को भी सूरज आसमान से आग बरसाता रहा। हालांकि दोपहर बाद हल्के बादल छाते रहने से तापमान 38.4 रिकॉर्ड किया गया। यह एक दिन पहले से कम है। 7 मई को 41.9 डिग्री के साथ इंदौर देश का सबसे गर्म शहर था। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आज भी इतना ही तापमान भी 40 या उससे अधिक रहने का अनुमान था लेकिन दोपहर बाद मौसम बदलने से कुछ राहत मिली। इधर, रात का तापमान भी सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा चल रहा है। रात का तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

मई के पहले सप्ताह में हुई बारिश ने गर्मी के तेवर कमजोर कर दिए थे लेकिन अब वापस गर्मी अपने रंग में आने लगी है। सोमवार दिनभर गर्म लपटें चलती रही जिससे लोग हलाकान हो गए। दोपहर 11.30 बजे ही दिन का तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। दोपहर 3 बजे बाद बादलों की आंखमिचौनी के बीच अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री पहुंचा। मौसम वैज्ञानिकों ने इस हफ्ते इंदौर में दिन का तापमान 43 डिग्री से ज्यादा पहुंचने की संभावना जताई है।

## हवा की दिशा पश्चिमी, ये लाई गर्म हवाएं

इसके अलावा हवा की दिशा भी पश्चिमी थी, जो अपने साथ गर्म हवा लेकर आई। इससे पहले 17 अप्रैल को अधिकतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा होकर 39.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ था। इसके बाद सीधे 7 मई को तापमान ने इतनी लंबी छलांग लगाई थी। बीते 10 सालों में इंदौर कभी तपिश के मामले में नंबर 1 पर नहीं रहा है। खंडवा, खरगोन या होशंगाबाद जरूर इस मामले में देश में चर्चा में आते रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह भी है कि मई के शुरूआती सात दिन ठंडे बीते थे। सुबह के समय हवा में काफी ठंडापन रहा। तापमान सामान्य 10 डिग्री तक कम रहा। इसके बाद एकदम से पारा इतना उछला है।

# वीआइपी नंबरों से वंचित आवेदकों को छह माह बाद भी वापस नहीं मिली धरोहर राशि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आरटीओ में वाहनों के वीआईपी नंबरों की बोली लगाने वाले आवेदकों को छह माह बाद भी धरोहर राशि वापस नहीं मिल पाई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 समाप्त होने के बाद भी आवेदक राशि वापस प्राप्त करने के लिए परेशान हो रहे हैं। आनलाइन और लिखित शिकायत करने के बाद भी आवेदकों को राशि नहीं लौटाई जा रही है।**

परिवहन विभाग ने अगस्त 2022 से वाहन पोर्टल शुरू किया था। इसके बाद से ही वाहनों के वीआईपी नंबरों की बोली आनलाइन लगाई जा रही है। आनलाइन बोली लगाने वाले आवेदकों को धरोहर राशि जमा कर बोली लगाना होती है। यह राशि नंबर अलाट नहीं होने पर आवेदकों को लौटा दी जाती है। कई आवेदक ऐसे हैं, जिन्होंने नवंबर और दिसंबर 2022 में आनलाइन बोली के लिए धरोहर राशि जमा कर बोली लगाई थी, लेकिन नंबर से वंचित रहने के बाद भी आवेदकों को राशि वापस नहीं मिली। कई आवेदक राशि वापसी के लिए परिवहन विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। इसमें कांग्रेस और भाजपा नेता भी शामिल हैं।

## दिसंबर में लगाई बोली, अब तक नहीं मिली राशि

परिवहन विभाग के वाहन पोर्टल पर 26 दिसंबर को आवेदक सुमित अग्रवाल ने एमपी 09 जेडजे 9999 नंबर के लिए 25 हजार धरोहर राशि जमा की थी। बोली में पिछड़ने के बाद आज तक धरोहर राशि वापस नहीं मिली है। ऐसे ही शरीफ पटेल ने भी दिसंबर में एमपी 09 जेडजी 7777 नंबर के लिए बोली लगाई थी। अब तक इन्हें भी 25 हजार धरोहर राशि वापस नहीं मिली है। इनके अलावा भी कई आवेदक धरोहर राशि के लिए चक्कर लगा रहे हैं।

## जल्द लौटाएंगे राशि

आरटीओ इंदौर प्रदीप कुमार शर्मा का कहना है कि आनलाइन बोली लगाने वाले आवेदकों को नंबर से वंचित रहने पर धरोहर राशि वापस की जाती है। शुरूआत में पोर्टल में परेशानी के कारण आवेदकों को राशि नहीं मिल पाई थी। जल्द ही सभी आवेदकों को राशि लौटाई जाएगी। इसके लिए सुधार किए जा रहे हैं।

# 16 मई से होगी नगर निगम में जनसुनवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर ।** समयावधि प्रकरणो के तहत सीएम हेल्प लाईन व मेयर हेल्पलाईन, इंदौर 311 एप पर लंबित शिकायतो तथा मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के संबंध में स्मार्ट सिटी आफिस में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में समस्त अपर आयुक्त, विभाग प्रमुख, उपायुक्त, झोनल अधिकारी व अन्य उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया है की अगले मंगलवार से नगर निगम में जनसुनवाई शुरु होगी। आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा समयावधि प्रकरणो की समीक्षा के दौरान भवन अनुज्ञा शाखा, जलप्रदाय, सीवरेज, विद्युत विभाग की सीएम हेल्प लाईन के तहत प्राप्त शिकायतो का निराकरण समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये गये तथा भवन अनुज्ञा शाखा, जलप्रदाय शाखा, डेज्नेज एवं सीवरेज शाखा, जनकार्य शाखा, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग ऐसे विभाग जिनकी शिकायते ज्यादा है, उनकी समीक्षा प्रतिदिन करने के भी निर्देश दिये गये।

# सैंपलिंग में बीबीए-बीसीए प्रथम वर्ष के चार विद्यार्थी पास

● 65 ने की दोबारा मूल्यांकन की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बीबीए-बीसीए प्रथम वर्ष की पूरक परीक्षा में फेल कुछ विद्यार्थियों की देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने उत्तरपुस्तिका जंचवाई है। सैंपलिंग में चार छात्र-छात्राओं के अंकों में अंतर मिले हैं। इसके आधार पर इन विद्यार्थियों को पास कर दिया है। अब बाकी विद्यार्थी भी विश्वविद्यालय के सामने अपनी-अपनी उत्तरपुस्तिकाओं का दोबारा मूल्यांकन करवाने की मांग उठा रहे हैं। मामले में सोमवार को विद्यार्थियों ने अधिकारियों से गुहार लगाई है। उधर, विद्यार्थी कुलपति डा. रेणु जैन से भी मिले।**

दरअसल, बीबीए-बीसीए प्रथम वर्ष की पूरक परीक्षा का अप्रैल में रिजल्ट जारी हुआ था। इसमें 65 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए। एबीवीपी के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने कुछ दिन पहले विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया। भारी हंगामे के बाद कुलपति ने दस विद्यार्थियों की कापियां मूल्यांकनकर्ता को भेजी। सैंपलिंग की रिपोर्ट दस दिन बाद आई। तीन से पांच अंक का अंतर चार विद्यार्थियों में देखा गया। उसके आधार पर अंकसूची में बदलाव किया।

# केबल फाल्ट के कारण लगी थी डेमू ट्रेन में आग, जांच समिति ने सौंपी रिपोर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रतलाम-इंदौर डेमू ट्रेन में विगत माह हुई आगजनी की घटना की जांच रेलवे ने पूरी कर ली। पश्चिम रेलवे ने जांच के लिए तीन सदस्य कमेटी गठित की थी। कमेटी ने जो रिपोर्ट सौंपी है उसके मुताबिक इलेक्ट्रॉनिक और केवल फाल्ट के कारण आग की घटना होने की पुष्टि हुई। अब जिम्मेदारों पर कार्रवाई का फैसला मुख्यालय स्तर पर होगा।

23 अप्रैल को रतलाम स्टेशन से सुबह रवाना हुई डेमू ट्रेन के मध्य भाग में लगे जनरेटर कार कोच में आग लग गई थी। ट्रेन को प्रीतम नगर रेलवे स्टेशन पर रोककर सभी यात्रियों को ट्रेन से उतारकर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए थे। रेलवे ने रतलाम से फायर ब्रिगेड प्रीतम नगर स्टेशन तक भिजवाकर आग पर काबू पाया। आग से जनरेटर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी।

हालांकि, जिस हिस्से में आग लगी, वहां यात्री नहीं बैठते, इसलिए जानमाल का और कोई नुकसान नहीं हुआ। बाद में जली हुई जनरेटर कार को महू भेज दिया गया था, क्योंकि डेमू ट्रेन का रैक वहीं मैंटेन किया जाता है। रतलाम रेल मंडल के डीआरएम रजनीश कुमार का कहना है कि डेमू ट्रेन हादसे की जांच रिपोर्ट मिल गई हैं। जिम्मेदारों पर कार्रवाई का फैसला मुख्यालय स्तर पर होगा।

## महू पहुंचकर शुरू की थी जांच

जांच के आदेश के बाद जांच समिति ने महू पहुंचकर जांच शुरू कर दी थी। अब जांच पूरी हो गई है। सूत्रों ने बताया कि जांच में पाया गया कि कोच में लगी एक केबल में इलेक्ट्रिकल फॉल्ट हुआ, जिसकी वजह से अचानक आग लग गई। यह केबल छुपी हुई जगह रहती है, जो सामान्य मेंटेनेंस के दौरान नहीं दिखती। इसे तब देखा जाता है, जब दो-तीन साल में कोच को ओवरहॉलिंग के लिए भेजा जाता है।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर अपनी जरूरत बताकर उनसे अलग-अलग



# कमलनाथ बोले- महंगाई की बुलेट ट्रेन चल रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । मप्र की भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई लाड़ली बहना योजना की काट के लिए कांग्रेस कल से नारी सम्मान योजना की शुरूआत कर रही है। पीसीसी चीफ कमलनाथ छिंदवाड़ा में महिलाओं के फॉर्म भराकर इस योजना की शुरूआत करेंगे। इस योजना के तहत 500 रुपए में गैस सिलेंडर और महिलाओं को 1500 रुपए हर महीना देने का वादा कांग्रेस की ओर से किया जा रहा है।**

कमलनाथ ने मप्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा- आज मंहगाई की बुलेट ट्रेन चल रही है। मंहगाई से सबसे ज्यादा हमारी महिलाएं और बहनें प्रभावित हुई हैं। इनके लिए हमने तय किया है कि हम इनकी आत्मनिर्भरता के लिए इन्हें 1500 रुपए महीना देंगे। 18 साल से शिवराज सिंह ने बहनों के बारे में नहीं सोचा। चुनाव आए तो एक प्रलोभन दे आ गए। 400 - 500 रुपए का सिलेंडर हुआ करता था आज 1100 रुपए का हो गया। एक तरफ भाजपा महिलाओं को एक हजार रुपए देगी दूसरी तरफ मंहगाई की चपत लग रही है।

### लाड़ली बहना पर बोले- हम देखेंगे कितनों को फायदा मिलता है

भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई लाड़ली बहना योजना पर कमलनाथ ने कहा- लाडली बहना योजना का फायदा कितने लोगों को मिलता है ये हम देखेंगे। 500 रुपए में सिलेंडर और 1500 रुपए महीना अपनी बहनों को हम देंगे। हमारा प्रयास रहेगा कि ज्यादा से ज्यादा बहनों को ये पैसा मिले। 9 तारीख को हम नारी सम्मान योजना लॉन्च करेंगे। हमारे कार्यकर्ता जगह-जगह जाकर फार्म भरवाएंगे और हमारी सरकार बनेगी तब हमारे पास फार्म होंगे। हमारी सरकार बनेगी इसमें कोई शक नहीं हैं।

### छिंदवाड़ा से कमलनाथ करेंगे इसकी शुरूआत-

पीसीसी चीफ कमलनाथ छिंदवाड़ा में नारी सम्मान योजना के फार्म भरवाकर इसकी शुरूआत करेंगे। नारी सम्मान योजना आवेदन पत्र में आवेदक का नाम, आधार क्रमांक, आयु, वर्ग, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि, समग्र आईडी और विधानसभा घर का एड्रेस की जानकारी देनी होगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लाडली बहना योजना के अंतर्गत महिलाओं को 1000 प्रति माह दे रहे हैं। कांग्रेस ने 1500 रुपए देने की घोषणा की है। कर्नाटक में कांग्रेस ने 2000 देने की घोषणा की है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस 15 सौ रुपए देने का वादा कर रही है।

### लाड़ली बहना की तरह कोई आयु बंधन नहीं-

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि हमने भाजपा सरकार की चुनावी योजना की तरह योजना नहीं बनाई। नारी सम्मान योजना में किसी प्रकार का आयु सीमा का बंधन नहीं हैं। हम महिलाओं के सशक्तिकरण की बात कर रहे हैं तो आज हर गरीब परिवार पर मंहगाई की मार पड़ रही है।

### नरोत्तम बोले- फार्म भरकर ही रह जाएंगे

कांग्रेस की नारी सम्मान योजना के फार्म भरे जाने पर मप्र के गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा ने कहा- कमलनाथ सरकार में बल्लभ भवन भ्रष्टाचार का अड्डा बना था इसलिए उन्हें चिंता सता रही है,छिंदवाड़ा में हार से बाल बाल बचे थे महिला सम्मान योजना पर कहा कि छिंदवाड़ा तक ही फॉर्म भर कर रह जाएंगे यह योजना भी वर्चुअल रहने वाली है पहले किसानों के साथ छल किया और अब बहनों के साथ छल करने वाले हैं।

## मुरैना हत्याकांड में बेटे को बंदूक थमाने वाली मां गिरफ्तार

### 6 फरार आरोपियों पर अब 30-30 हजार का इनाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना।** मुरैना हत्याकांड की एक और आरोपी पुष्पा पकड़ी गई है। पुलिस ने उसे रविवार को उत्तर प्रदेश के इटावा से गिरफ्तार किया है। उस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुष्पा ने ही अपने बेटे अजीत सिंह तोमर के हाथ में बंदूक देकर 9 लोगों पर गोलियां चलवाई थीं। वह बेटे को बता रही थी कि किस-किस को गोली मारनी है।

मामले में पुलिस ने पहले 9 आरोपी बनाए थे जबकि रज्जो का नाम बाद में जोड़ा गया। हत्याकांड के वायरल वीडियो में रज्जो भी अजीत को इशारा करते दिख रही है। धीर सिंह और रज्जो देवी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। पुष्पा के बाद सोमवार को इस हत्याकांड के चौथे आरोपी सोनू तोमर को भी राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी शैलेंद्र चौहान ने बताया कि वह वीरभान सिंह तोमर का बेटा और अजीत तोमर का भतीजा है। उससे पूछताछ की जा रही है। बाकी बचे 6 फरार आरोपियों पर पुलिस ने इनाम की राशि बढ़ाकर 30-30 हजार रुपए कर दी है। बता दें, मुरैना के लेपा गांव में शुक्रवार को 6 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सभी आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

### हत्याकांड के ये 6 आरोपी अभी फरार

हत्याकांड में शामिल भूपेंद्र पुत्र सोवरन सिंह तोमर, अजीत पुत्र वीरभान सिंह तोमर, श्यामू पुत्र धीर सिंह तोमर, मोनू पुत्र धीर सिंह तोमर, रामू पुत्र धीर सिंह तोमर और गौरव पुत्र सूरजभान सिंह तोमर फरार हैं। चंबल पुलिस महानिरीक्षक सुशांत कुमार सक्सेना ने इन सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही है। इन पर घोषित इनाम की राशि भी बढ़ा दी गई है।

### रंजीत की मौत निश्चित है लिखा मिला

मुरैना हत्याकांड में नई बात सामने आई है। गांव में पीड़ित परिवार के घर में बने कमरे की दीवार पर रंजीत की मौत निश्चित है लिखा मिला है। एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि इस मामले की जांच कराई जाएगी। रंजीत 2013 में हुए डबल मर्डर में मुख्य आरोपी है। उसी ने विवाद के बाद फायरिंग की थी। पांच साल सजा काटने के बाद वह जमानत पर बाहर है।

### 2013 में कचरा फेंकने से शुरू हुआ था विवाद

लेपा गांव बागी पान सिंह तोमर के भिड़ौसा गांव से सटा है। यहां 10 साल पहले दोनों पक्षों में कचरा फेंकने को लेकर विवाद हुआ था। इस विवाद में आरोपी पक्ष के दो लोगों की हत्या कर दी गई थी। अब इसका बदला 6 लोगों के खून से लिया गया।

## कोलकाता होकर मध्यप्रदेश पहुंचेंगे मणिपुर में फंसे स्टूडेंट

### गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा बोले- बच्चों को रेगुलर फ्लाइट के जरिए लाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मणिपुर हिंसा के बीच फंसे छात्रों को कोलकाता के रास्ते मध्यप्रदेश लाया जाएगा। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि छात्रों को कोलकाता से रुटीन फ्लाइट के जरिए लाया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन वीरेन सिंह से बात की है।**

गृहमंत्री के मुताबिक, मणिपुर में मध्यप्रदेश के 20 लोग हैं, 12 के नंबर मिल गए हैं। हम भी बच्चों से बात करने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ बच्चों ने आने की स्वीकृति दी है, कुछ बच्चों का कहना है कि हम सुरक्षित हैं। उधर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी मणिपुर में पढ़ रहे प्रदेश के छात्रों से की फोन पर बात की है। चौहान ने कहा कि बच्चे सुरक्षित हैं। उन्हें वापस लाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री कार्यालय संपर्क में हैं।

इन छात्रों में शिवपुरी के करैरा निवासी मनोज पाल भी फंसे हुए हैं। मनोज नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी इंफाल के बॉयज हॉस्टल नंबर दो में रहते हैं। खंडवा शशिभान तिवारी, शिवम राय, हर्ष राव, खरगोन शिल्पा सोनी, बैतूल आलोक राय, सचिन आर्या, इंदौर अजय पाल, करन कुंतल, ग्वालियर हर्षित वर्मा, हर्ष सिंह, जबलपुर सुयश पटेल, शिवपुरी मनोज पाल, सिंगरौली ऋतिक मिश्रा

हिंसा के बीच मप्र के छात्र भी फंसे हुए हैं। पहले जानकारी आई कि मप्र के 13 छात्र मणिपुर में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में फंसे हुए हैं। मिली जानकारी में मप्र के 21 छात्रों के मणिपुर में फंसे होने की जानकारी सामने आ चुकी है। दैनिक भास्कर से चर्चा में मणिपुर में फंसे धार के धरमपुरी तहसील के रहने वाले नंदकिशोर यादव सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर से बीएससी एग्रीकल्चर के स्टूडेंट हैं।

**सिंधिया ने ली जानकारी-** नंदकिशोर ने बताया कि केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के ऑफिस से हमारे पास फोन आया था उन्होंने पूरी जानकारी ली है। हालांकि अभी तक ये तय नहीं है कि हम अलग-अलग जगहों पर फंसे छात्रों को कब और कैसे एयरलिफ्ट कर मप्र वापस ले जाएंगे।

## गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप पर सुसाइड करने तालाब में गिराई कार

● कूदकर बचे दोस्त; बोले-वह लड़की से बात कर रहा था, हम इरादा भांप गए थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड।** भिंड के गौरी सरोवर में 1 मई की रात कार गिरने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। एमपी 30 बीसी 0843 रजिस्ट्रेशन नंबर की यह ओमनी कार किसी हादसे का शिकार नहीं हुई थी, बल्कि इसे जानबूझकर तालाब में गिराया गया था। मामला प्रेम प्रसंग में सुसाइड का निकला है।

दरअसल, इस कार को ड्राइव कर रहा राहुल दोहरे ब्रेकअप से डिप्रेशन में था। उसने घटना वाली रात प्रेमिका को वीडियो कॉल कर मिलने के लिए बुलाया था। प्रेमिका के इनकार करने पर वह गाड़ी को तालाब की ओर ले गया। किनारे पर कुछ देर रुका, फिर कार सीधे तालाब में उतार दी।

इरादा भांपते ही कार से कूद गए थे दोनों दोस्त-

22 साल का राहुल भिंड के तिलक नगर, फल मंडी का रहने वाला था। घटना में राहुल की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, कार में बैठे उसके दोनों दोस्त- कपूरा दोहरे और नीतू दोहरे सुरक्षित हैं। मामले की जांच के दौरान कोतवाली पुलिस ने दोनों दोस्तों के अलग-अलग बयान लिए। उन्होंने पुलिस को बताया कि राहुल ने गर्लफ्रेंड से बात की, इसके बाद कार तालाब की ओर ले गया। उसका इरादा भांपते हुए वे किनारे पर ही कार से कूद गए।

## भोपाल में परिवार के साथ संविदा स्वास्थ्यकर्मियों का प्रदर्शन

### नियमितीकरण की मांग; 20 दिन से कर रहे भूख हड़ताल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के हजारों संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने सोमवार को भोपाल में डेरा डाल दिया। नियमित करने समेत अन्य मांगों को लेकर ये राजधानी के नीलम पार्क में परिवार के साथ धरने पर बैठे। बता दें कि नेशनल हेल्थ मिशन के 32 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। जो संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आह्वान पर आंदोलन कर रहे हैं। संविदा स्वास्थकर्मी भोपाल में पिछले 20 दिनों से क्रमिक हड़ताल कर रहे हैं।

### ● 5 घंटे तक भूखे-प्यासे बैठे रहे संविदा स्वास्थ्यकर्मी-

भोपाल के नीलम पार्क में जुटे संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने सुबह 11 बजे से धरना शुरू कर दिया था। जो शाम 4 बजे तक चलता रहा। इसमें प्रदेशभर से संविदाकर्मी अपने परिजनों के साथ आए थे। वे तेज गर्मी के बीच करीब 5 घंटे तक धरना स्थल पर ही डटे रहे। कई भूखे-प्यासे ही बैठे रहे। कई महिला कर्मचारी अपने छोटे बच्चों को लेकर धरना प्रदर्शन में आई थी, जो पूरे समय तक वहीं बैठे रहे।

### ● सीएम हाउस का घेराव टाला-

धरने के बाद सभी रैली के रूप में सीएम हाउस भी जाने वाले थे। वे सीएम हाउस का घेराव करने वाले थे। हालांकि, यह टाल दिया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान ही सीनियर अफसरों ने भी संगठन के पदाधिकारियों से संपर्क किया। मध्यप्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष मीना शुक्ला ने बताया कि धरने के बाद अब आगे की रणनीति बनाई जा रही है। हमारी भूख हड़ताल मांगें पूरी होने तक चलती रहेगी।

### ● कमलनाथ बोले- सरकार तुरंत इनकी मांगे माने

पूर्व सीएम कमलनाथ ने संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की मांगों का समर्थन किया है। उन्होंने ट्वीट किया - कोरोना महामारी के दौरान सरकार इन्हें कोरोना योद्धा बता रही थी, अब ये 20 दिन से हड़ताल पर है। अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। सरकार इनकी मांगों को तुरंत मानें।

## नरोत्तम ने कमलनाथ-दिग्विजय के लिए खरीदे केरल स्टोरी के टिकट

● कहा- जाकिर को शांतिदूत कहने वाले फिल्म देखें

● कांग्रेस बोली- बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री भी दिखा दीजिए

**भोपाल** । लव जिहाद पर बनी फिल्म द्यद केरल स्टोरीद्ध को लेकर मध्यप्रदेश में सियासी बयानबाजी जारी है। अब गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के लिए इस फिल्म के टिकट बुक कराए हैं। ये टिकट भोपाल स्थित भारत टॉकीज के हैं। गृह मंत्री ने कहा- मैंने दो टिकट दिग्विजय सिंह और कमलनाथ को भेजने के लिए खरीदे हैं। जाकिर नाइक को शांतिदूत कहने वालों को यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। खरगोन दंगे के बाद हुई कार्रवाई से दुखी लोगों को भी इसे देखना चाहिए। इससे शायद उनका दृष्टिकोण बदलेगा। इस बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अब्बास हफीज ने कहा है कि ये फिल्म तो हम अपने पैसों से देख लेंगे, लेकिन आप बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री दिखा दीजिए। भोपाल सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा, भोपाल में भी लव जिहाद के मामले बढ़ रहे हैं। हिंदू लड़कियों के साथ लव जिहाद के बहाने अत्याचार और कुकर्म हो रहे हैं। लड़कियों को ही नहीं, लड़कों को भी बरगलाया जा रहा है।

# संपादकीय

## सोने की ओर आकर्षण

समृद्धि का सूचकांक आमतौर पर वैश्विक अर्थव्यवस्था के उतार-चढ़ाव पर भी निर्भर करता है। यों सोना कुछ भी उत्पादन नहीं कर सकता है और इस तरह इसे एक अनुत्पादक संपत्ति के तौर पर देखा जाता है। इसकी वृद्धि इस विश्वास पर टिकी होती है कि भविष्य में इसके लिए ज्यादा भुगतान हासिल किया जा सकेगा। मौजूदा समय में दुनिया के ज्यादातर देशों में आर्थिक गतिविधियों में मुद्रा और लेनदेन के स्वरूप में जिस तेजी से बदलाव आ रहा है, उसके मद्देनजर सोने की ओर आकर्षण लाजिमी है। लेकिन सवाल है कि आखिर सोने की खरीद के लिए हर स्तर पर जरूरी कारक या आर्थिक मजबूती को सुनिश्चित किए बिना अर्थव्यवस्था को उड़ान कैसे मिलेगी। वाणिज्य मंत्रालय ने जो ताजा आंकड़ा जारी किया है, उसके मुताबिक, वैश्विक स्तर पर जारी आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण भारत में सोने के आयात में 2022-23 में 24.15 फीसद की गिरावट आई और यह घट कर पैंतीस अरब डालर रह गया है। इसमें ऊंचे आयात शुल्क की भी खासी भूमिका मानी जा रही है। भारत में पिछले वित्त वर्ष यानी 2021-22 में 'पीली धातु' यानी सोने का आयात 46.2 अरब डालर रहा था। यह माना जाता है कि सोने के आयात से देश के चालू खाते के घाटे को कम करने में मदद मिलती है। हालांकि इस बार सोने के आयात में भारी गिरावट के बावजूद देश के व्यापार घाटे को कम करने में मदद नहीं मिली है। आयात और निर्यात के अंतर को व्यापार घाटा कहा जाता है। वित्त वर्ष 2022-23 में व्यापार घाटा दो सौ सड़सठ अरब डालर रहने का अनुमान है। यह व्यापार घाटा इससे पिछले वित्त वर्ष में करीब एक सौ इक्यानबे अरब डालर रहा था। जाहिर है, सोने से जुड़े अर्थ-तंत्र में कई पहलू एक दूसरे से जुड़े हुए हैं और इसकी खरीदारी के मामले में जो तस्वीर बनती है, उसका असर दूसरे क्षेत्र पर पड़ता है। भारत को सोने के सबसे बड़े बाजार के तौर पर देखा जाता रहा है। सोने के आयात के जरिए देश के आभूषण उद्योग की मांग को भी पूरा किया जाता है। अगर मात्रा के लिहाज से देखें तो भारत सालाना करीब आठ सौ से नौ टन सोने का आयात करता है। पिछले कुछ दशकों के दौरान जैसे-जैसे समृद्धि में बढ़ोतरी हुई है, उसी मुताबिक सोने की मांग में भी इजाफा हुआ है। लेकिन पिछले दो-तीन साल में महामारी और पूर्णबंदी जैसे हालात की वजह से अर्थव्यवस्था को जो झटका लगा, उसमें लोगों की आय और क्रयशक्ति पर इसका सीधा असर पड़ा।

Health is Wealth

# आयुर्वेद: शहद खाने में कभी न करें ये गलती

### जानें कैसे मिलेगा ज्यादा फायदा

शहद औषधीय गुणों से भरपूर होता है। आयुर्वेद में इसके कई फायदे बताए गए हैं। वजन कम करने से लेकर खांसी, जुकाम ठीक करने या इम्यूनिटी अच्छी करने के लिए भी शहद खाया जाता है। हालांकि कई लोगों को नहीं पता होता कि शहद खाने का सही तरीका क्या है। अगर आप आयुर्वेद के बताए तरीके से शहद लेंगे तो आपको ज्यादा फायदा होगा। अलग-अलग समस्याओं के लिए इसे अलग चीजों के साथ मिलाकर लेना चाहिए। यहां जानें शहद कैसे खाना चाहिए और इसे इस्तेमाल करने से पहले क्या सावधानियां बरतनी चाहिए।



### कई समस्याओं के लिए है रामबाण

आयुर्वेद एक्सपर्ट डॉक्टर दीक्षा भावसार ने शहद से जुड़ी काम की जानकारी अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर की है। उन्होंने बताया है कि पुराना रखा शहद फैट के मेटाबॉलिजम में मदद करता है साथ ही कफ खत्म करता है। इस तरह से यह आपका ऐक्स्ट्रा फैट भी घटाता है। वजन कम करने के अलावा शहद आपकी आंखों के लिए अच्छा होता है। प्यास बुझाता है। कफ डिजॉल्व करता है। आपको यूरिनरी ट्रैक्ट डिसऑर्डर, खांसी, ब्रॉन्कियल अस्थमा, डायरिया या उल्टी की समस्या है तो भी काफी फायदेमंद होता है। शहद प्राकृतिक रूप से बॉडी डिटॉक्स करता है। यह दिल, स्किन के लिए अच्छा है साथ ही लिबिडो भी बढ़ाता है। यह घाव भरने में भी मदद करता है।

### गरम पानी में न डालें शहद

अगर आपको मोटापा कम करने के लिए शहद लेना है तो गरम पानी नहीं बल्कि रूम टेम्परेचर वाले पानी में एक चम्मच शहद डालकर पिएं।

### खांसी के लिए करें ऐसे इस्तेमाल

खांसी, जुकाम, साइनस और इम्यूनिटी के लिए एक चम्मच शहद में काली मिर्च और हल्दी मिलाकर खाएं। शहद को कभी भी गरम खान या पानी में न मिलाएं।

### गरम वातावरण में न खाएं

अगर आप गरम वातावरण में काम कर रहे हैं तो शहद न खाएं।

### घी में न मिलाएं शहद

शहद को कभी घी या गर्म, मसालेदार खाने के साथ या फर्मेंटेड बेवेरेजेज (जैसे विस्की, ब्रांडी रम) और सरसों में न मिलाएं।

# बीपी कंट्रोल करने से लेकर वेट लॉस तक, जानें रात को गुड़ खाने से मिलते हैं क्या गजब के फायदे

कई घरों में आज भी रात का खाना खाने के बाद लोग मीठे में गुड़ खाना पसंद करते हैं। गुड़ में प्राकृतिक मिठास होने के साथ प्रोटीन, विटामिन बी12, बी6, फोलेट, कैल्शियम, आयरन, फॉस्फोरस और सेलेनियम आदि पोषक तत्व भी पाए जाते हैं जो सेहत को कई समस्याओं से दूर रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा गुड़ में वसा मौजूद न होने की वजह से ये वेट लॉस में भी मदद करता है। आइए जानते हैं रात को गुड़ खाने से सेहत को मिलते हैं क्या फायदे।



### इम्यूनिटी करे बूस्ट

रात को सोने से पहले गुड़ का सेवन करने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है। गुड़ में प्रचूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट और जिंक एवं सेलेनियम जैसे खनिज पाए जाते हैं। जो फ्री रेडिकल की क्षति को रोककर इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद करते हैं।

### एनीमिया से राहत

एनीमिया यानी शरीर में आयरन की कमी। एनीमिया की समस्या होने पर व्यक्ति के शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं कम होने लगती हैं। जिसकी वजह से उसे थकान और कमजोरी महसूस होने लगती है। ऐसे में गुड़ का सेवन एनीमिया की समस्या को दूर रखता है। गुड़ में मौजूद आयरन शरीर में एनीमिया की कमी पूरी कर सकता है।

### अनिद्रा की समस्या

रात को सोने से पहले गुड़ का सेवन दूध के साथ करने से नींद बेहतर होने के साथ अनिद्रा की समस्या दूर होती है। जिससे व्यक्ति अगले दिन सुबह उठकर खुद को फ्रेश और एनर्जी से भरपूर महसूस कर सकता है।

### वेट लॉस

गुड़ में मौजूद पोटैशियम इलेक्ट्रोलाइट को संतुलित करके मेटाबोलिज्म को बढ़ाता है। साथ ही यह वाटर रिटेंशन की समस्या को भी कम करता है। जिसकी वजह से वेट लॉस में मदद मिलती है।

### बीपी

गुड़ की सेवन से ब्लडप्रेशर को कंट्रोल किया जा सकता है। गुड़ में मौजूद आयरन ब्लड प्रेशर रेगुलेशन में मदद करता है। इसके अलावा गुड़ में पोटेशियम और सोडियम भी पाए जाते हैं जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में फायदेमंद माने जाते हैं।

## Highlights

1. IAS officer shares 'CSAT question', says 'Don't take the test lightly'
2. Startup founder's body found 1.5 years after he went missing from Uber ride in US
3. 'The Kerala Story' crew member receives threat message in Mumbai
4. TV actress Chandrika's husband bangs their baby 3 times against the floor; pic surfaces
5. 3 senior Islamic Jihad leaders killed by Israel
6. Delhi BJP holds special screening of 'The Kerala Story'

# FTX collapse: Former CEO Sam Bankman-Fried urges court to toss charges

**NEW DELHI, (Agency).** Sam Bankman-Fried, who has long denied stealing from customers of his FTX cryptocurrency exchange, on Monday asked a US judge to throw out criminal charges against him over the now-bankrupt FTX's collapse.

In a filing in Manhattan federal court, Bankman-Fried's lawyers said several of the charges failed to properly state an offense.

Bankman-Fried, a 31-year-old former billionaire, has largely been confined to his parents' home since his December arrest in the Bahamas, where he had lived and where FTX was based. He was extradited to the United States just over a week after his arrest.

FTX imploded after a flurry of customer withdrawals in the wake of reports it had commingled assets with Alameda Research, Bankman-Fried's crypto-focused hedge fund.

Federal prosecutors in Manhattan said Bankman-Fried stole billions of dollars in FTX customer funds to plug losses at Alameda, buy real



estate, and make political contributions through an illegal straw-donor scheme. They have also charged him with bribing Chinese officials.

Prosecutors have until May 29 to respond to Bankman-Fried's dismissal request, and U.S. District Judge Lewis Kaplan will hear arguments on June 15.

Bankman-Fried rode a boom in bitcoin and other digital assets to an estimated net worth of $26.5 billion, according to Forbes magazine. His fortune largely evaporated when FTX collapsed in November.

The Massachusetts Institute of Technology graduate has pleaded not guilty to 13 counts of fraud and conspiracy.

He has acknowledged that FTX had inadequate risk management but denies stealing funds, and has sought to distance himself from FTX's day-to-day operations. Three onetime close associates - former Alameda co-chief executive Caroline Ellison, former FTX technology chief Gary Wang, and former FTX engineering chief Nishad Singh - have all pleaded guilty and agreed to cooperate with prosecutors.

Bannkman-Fried's trial is set for October 2.

His parents, who live in Palo Alto, California, are Stanford University law professors and co-signed his $250 million bond.

Bankman-Fried has limited access to technology, after prosecutors warned he might tamper with witnesses.

# Fitch affirms India's sovereign rating on robust growth outlook

**NEW DELHI, (Agency).** Fitch Ratings on Tuesday affirmed India's sovereign rating with a stable outlook saying the country has a robust growth outlook and resilient external finances. "Fitch Ratings has affirmed India's Long-Term Foreign-Currency Issuer Default Rating (IDR) at 'BBB-' with a Stable Outlook," it said in a statement, adding strong growth potential is a key




supporting factor for the sovereign rating.

"India's rating reflects strengths from a robust growth outlook compared with peers and resilient external finances, which have supported India in navigating the large external shocks over the past year," Fitch Ratings said.

However, these are offset by India's weak public finances, illustrated by high deficits and debt relative to peers, as well as lagging structural indicators, including World Bank governance indicators and GDP per capita, it added.

The agency has kept India's credit rating unchanged at 'BBB-' -- the lowest investment grade rating -- since August 2006.

Fitch Ratings forecast India to be one of the fastest-growing rated sovereigns globally at 6 per cent in the current fiscal year ending March 2024 supported by resilient investment prospects.

New Delhi

# दक्षिण चीन सागर में भारत का आसियान देशों के साथ युद्धाभ्यास, चीनी नौसेना ने की जासूसी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत और चीन के बीच जारी सीमा विवाद के बीच भारत ने एक बड़ा कदम उठाया है। दरअसल भारतीय नौसेना ने आसियान देशों के साथ मिलकर चीन के प्रभाव वाले दक्षिण चीन सागर में युद्धाभ्यास किया। हालांकि चीन की नौसेना ने यहां भी जासूसी की कोशिश की। चीन के कई जहाज युद्धाभ्यास वाले क्षेत्र के आसपास चक्कर लगाते देखे गए। हालांकि चीनी जहाजों ने युद्धाभ्यास को बाधित नहीं किया।**



बता दें कि भारतीय नौसेना ने आसियान देशों के साथ सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से 7-8 मई को दक्षिण चीन सागर में युद्धाभ्यास किया। इस युद्धाभ्यास में भारतीय नौसेना के अलावा आसियान देशों फिलीपींस, इंडोनेशिया, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड, ब्रुनेई और वियतनाम की नौसेनाएं शामिल हुईं। इस युद्धाभ्यास को आसियान-इंडिया मेरीटाइम एक्सरसाइज नाम दिया गया। भारत की तरफ से मिसाइल गाइडेड विध्वंसक आईएनएस दिल्ली और बहु उद्देशीय पोत आईएनएस सतपुड़ा ने सिंगापुर के चांगी नेवल बेस के पास हुए इस युद्धाभ्यास में भाग लिया। भारतीय नौसेना से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि युद्धाभ्यास के दौरान चीन के जहाज युद्धाभ्यास क्षेत्र के नजदीक घूमते देखे गए। एक चीनी जहाज ने युद्धाभ्यास में शामिल जहाज का पीछा भी किया। हालांकि युद्धाभ्यास बिना किसी रुकावट के पूरा हो गया।

Bihar

# मोतिहारी में पुलिस और बैंक लुटेरों के बीच मुठभेड़, दनादन चली गोलियां, 7 लोग जख्मी




**मोतिहारी, (एजेंसी)** बिहार के मोतिहारी में बैंक लुटेरों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। चकिया-मधुबन पथ पर बारा गोविन्द गांव के समीप सोमवार देर शाम वाहन जांच के दौरान पुलिस व अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार बदमाश घायल हो गए। इस दौरान दो पुलिस अधिकारी और सिपाही को भी छर्रे लगे हैं। जख्मी बदमाशों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, देर शाम चंपारण रेंज के डीआईजी जयंतकांत ने अस्पताल जाकर बदमाशों को देखा और मौके पर मौजूद अफसरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पूर्वी चंपारण के एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उस रास्ते से कुछ बदमाश गुजरने वाले हैं। पुलिस की टीम ने तत्काल अवरोधक लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। इस बीच, पुलिस टीम की नजर मधुबन की ओर से आ रहे एक टेम्पो पर पड़ी। उसे रुकने का इशारा किया गया तो टेम्पो पर सवार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों की फायरिंग में चकिया थाने के एसआई मोहम्मद असलम अंसारी, एएसआई हरेश शर्मा व सिपाही कुणाल कुमार को छर्रा लग गया और वे घायल हो गए। बदमाशों की ओर से पुलिस को निशाना बनाकर करीब 15 राउंड फायरिंग की गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने करीब 10 राउंड फायरिंग की। इस दौरान चार बदमाश जख्मी हो गए। पुलिस ने जख्मी हालत में चारों को गिरफ्तार कर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा है। पकड़े गये बदमाशों में हरसिद्धि के नीतेश मिश्र, मुजफ्फरपुर बरुराज के मोहम्मद तौफीद, वैशाली जंदाहां के सनी झा व छौड़ादानो के राजन तिवारी शामिल हैं। बदमाशों को कमर के नीचे गोली लगी है।

New Delhi

## शादी के 4 साल बाद हुआ तलाक, महिला ने वेडिंग फोटोग्राफर से मांग लिया रिफंड, चैट्स वायरल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** लोग अपनी जिंदगी के खूबसूरत पलों को तस्वीर के रूप में कैद करने के लिए वेडिंग फोटोग्राफर्स की मदद लेते हैं। अगर काम अच्छा लगता है, तो दोबारा भी हायर करते हैं। मगर एक महिला ने शादी के चार साल बाद अपने वेडिंग फोटोग्राफर को संपर्क कर, कुछ अनोखी डिमांड कर दी। उसने पैसा रिफंड करने की मांग की और इसके पीछे का कारण अपने तलाक को बताया। इन लोगों के बीच व्हाट्सएप पर हुई बातचीत के स्क्रीनशॉट वायरल हो गए हैं। पहले तो फोटोग्राफर को लगा कि कोई उससे मजाक कर रहा है, लेकिन बाद में मालूम पड़ा कि महिला वाकई में रिफंड चाहती है। फोटोग्राफर ने रिफंड करने से इनकार कर दिया और व्हाट्सएप चैट के स्क्रीनशॉट ट्विटर पर शेयर कर दिए। उसका ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. इस पर लोग खूब कमेंट कर रहे हैं. लैंस रोमियो फोटोग्राफर नाम के अकाउंट से चैट्स शेयर किए गए हैं।



Jharkhand

## बंदूक की नोक पर 6 मिनट में 15 लाख की लूट

**रामगढ़, (एजेंसी)** रामगढ़ में 4 अपराधियों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए थाने के नजदीक स्थित जेवर दुकान से दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम दिया है। 4 अपराधियों ने तमंचे की नोक पर मात्र 6 मिनट में दुकान से करीब 15 लाख रुपए के जेवर लूट लिए। दुकान से थाने की दूरी मात्र 200 मीटर है। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में दर्ज हो गई है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जेवर दुकान के कर्मचारी आकाश सिंह से पूछताछ की। पूछताछ के बाद पुलिस कर्मचारी को अपने साथ ले गई है। सीसीटीवी फुटेज में दो अपराधी टोपी और मास्क लगाए दिख रहे हैं। वही, दो अपराधी हेलमेट पहने दिखे।



खेल

# कोलकाता ने पंजाब को पांच विकेट से हराया, रसेल और नीतीश चमके

### धवन का अर्धशतक बेकार

**कोलकाता, (एजेंसी) आईपीएल 2023 के 53वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पंजाब किंग्स को पांच विकेट से हरा दिया। इस टूर्नामेंट में यह कोलकाता की पांचवीं जीत और पंजाब की छठी हार थी। अब दोनों टीमें 11 मैच खेल चुकी हैं और दोनों के पास 10 अंक हैं। हालांकि, बेहतर रन रेट के साथ कोलकाता पांचवें और पंजाब सातवें स्थान पर है। इस मैच के बाद प्लेऑफ की रेस और रोचक हो गई है। अब पांच टीमें ऐसी हैं, जिन्हें छह मुकाबलों में हार मिली है। वहीं, छह टीमें ऐसी हैं, जो पांच मैच जीत चुकी हैं।**



गुजरात और चेन्नई के लिए प्लेऑफ की राह थोड़ी आसान है, लेकिन बाकी आठ टीमें के बीच दो स्थानों के लिए कांटे की टक्कर है। ऐसे में आने वाले कुछ मैच सभी टीमों के लिए निर्णायक साबित होंगे।

इस मैच में पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 179 रन बनाए थे। शिखर धवन ने सबसे ज्यादा 57 रन की पारी खेली थी। इसके जवाब में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पांच विकेट खोकर 182 रन बना लिए और आखिरी गेंद में मैच अपने नाम कर लिया। कोलकाता के लिए कप्तान नीतीश राणा ने सबसे ज्यादा 51 रन बनाए।

### धवन ने पंजाब को अच्छी शुरुआत दिलाई

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स की शुरुआत कुछ खास नहीं थी। प्रभसिमरन सिंह दूसरे ही ओवर में 12 रन बनाकर आउट हो गए। इस समय टीम का स्कोर 21 रन था। इसके बाद राजपक्षे हर्षित राणा का दूसरा शिकार बने। वह अपना खाता नहीं खोल पाए। लिविंगस्टोन भी 15 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन शिखर धवन एक छोर पर जमे रहे। पावरप्ले खत्म होने के बाद पंजाब का स्कोर तीन विकेट पर 58 रन था। इसके बाद धवन ने विकेटकीपर जितेश शर्मा के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की और पारी को संभाला।

जितेश 21 रन बनाकर चक्रवर्ती का शिकार बने। कोलकाता के स्पिन गेंदबाजों ने पंजाब के बल्लेबाजों को खासा परेशान किया और कभी भी पंजाब की पारी लय नहीं पकड़ सकी। जितेश के बाद धवन भी 57 रन बनाकर आउट हो गए। सैम करन चार रन का योगदान दे सके। हालांकि, अंत में ऋषि धवन के 19 रनों ने कोलकाता को 150 रन के करीब पहुंचाया। अंत में शाहरुख खान ने आठ गेंद में 21 और हरप्रीत बराड़ ने नौ गेंद में 17 रन बनाकर पंजाब

सिनेमा

## द केरल स्टोरी के सदस्य को मिली धमकी, निर्देशक सुदीप्तो सेन की शिकायत के बाद एक्शन में पुलिस




फिल्म 'द केरल स्टोरी' के क्रू मेंबर को धमकी भरा संदेश मिला है। क्रू मेंबर को घर से बाहर न निकलने की चेतावनी दी गई। फिल्म के निर्देशक सुदीप्तो सेन ने पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद क्रू मेंबर को पुलिस ने सुरक्षा मुहैया कराई है। बता दें, फिल्म को लेकर इसकी रिलीज से पहले से ही विवाद चल रहा है और इसे कई जगहों पर बैन भी कर दिया गया है।

मुंबई पुलिस के मुताबिक, फिल्म 'द केरल स्टोरी' के क्रू मेंबर को एक अनजान नंबर से धमकी भरा मैसेज मिला है। पुलिस के अनुसार, फिल्म 'द केरल स्टोरी' के निर्देशक सुदीप्तो सेन ने उन्हें बताया कि क्रू मेंबर्स में से एक को एक अनजान नंबर से मैसेज आया। पुलिस ने कहा, 'संदेश ने उस व्यक्ति को घर से अकेले बाहर नहीं निकलने की धमकी दी और कहा कि उन्होंने कहानी दिखाकर अच्छा काम नहीं किया।'

पुलिस ने जानकारी मिलने के तुरंत बाद ही एक्शन लेते हुए फिल्म के क्रू मेंबर को सुरक्षा मुहैया कराई। लेकिन अभी पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की गई है क्योंकि उन्हें अभी तक कोई भी लिखित शिकायत नहीं मिली है। गौरतलब हैं, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार ने 8 मई यानी बीते 'शांति बनाए रखने' और राज्य में 'नफरत और हिंसा' की घटनाओं से बचने के लिए फिल्म 'द केरल स्टोरी' पर बैन लगा दिया है।

# 8 साल की बच्ची हौज में गिरी, मौत

## वेंटिलेटर पर छह घंटे बाद तोड़ा दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में 8 साल की एक बच्ची की हौज में डूबने से मौत हो गई। वह घर के बाहर बने हौज के पास ही खेल रही थी। ढक्कन खुला होने से वह हौज में गिर गई। आधे घंटे तक वह नहीं दिखी तो मां ने उसे ढूंढना शुरू किया। कुछ देर बाद पड़ोसियों ने हौज में झांककर देखा तो बच्ची पानी में औंधे मुंह गिरी हुई थी। जिसे सभी ने मिलकर तत्काल बाहर निकाला। हादसे के वक्त पिता घर पर नहीं थे।**

मां और पड़ोसी उसे तत्काल चोइथराम अस्पताल लेकर पहुंचे। पड़ोसियों ने घटना की सूचना पिता को दी। और उन्हें अस्पताल आने को कहा। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसका ट्रीटमेंट शुरू किया तो उसे ऑक्सीजन की कमी हो गई थी। और लंग्स में पानी भर गया था। इसके चलते डॉक्टरों ने उसे आईसीयू में भर्ती कर इमरजेंसी ट्रीटमेंट शुरू किया। इस दौरान उसे 6 घंटे तक वेंटीलेटर पर भी रखा। सोमवार देर शाम उसकी मौत हो गई।

मामला चित्रकूट नगर का है। यहां रहने वाली तनिषा पंवार (8 साल) अपने घर की पानी की हौज में गिर गई थी। पिता रोहित पंवार इस दौरान घर पर नहीं थे। घर में मां और 5 साल का छोटा भाई था। बताया जाता है कि हादसे के ठीक पहले नल में पानी आया था। मां ने पानी भरने के लिए हौज का ढक्कन खोला था। लेकिन पानी भरने के बाद किसी ने उसे बंद नहीं किया।

इसी दौरान वहां खेल रही तनिषा पैर फिसलने से हौज में डूब गई। आधे घंटे तक तनिषा की आवाज नहीं आई और वह दिखी भी नहीं तो मां को चिंता हुई। मां ने उसे आसपास तलाशा लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पड़ोसियों ने भी उसे ढूंढ़ा तो पर तनिषा नहीं मिली।

### सीढ़ी से उतरकर निकाला

पड़ोसियों ने हौज का ढक्कन खुला होने के चलते उसके अंदर झांककर देखा तो तनिषा औंधे मुंह पड़ी थी। आनन-फानन में सीढ़ी लाकर पड़ोसियों ने तनिषा को उसमें से बाहर निकाला। सभी लोग उसे तत्काल चोइथराम अस्पताल ले गए। और उसके पिता रोहित को सूचना दी। तनिषा अभी दूसरी क्लास में पढ़ाई करती थी। परिवार मूल रूप से कम्पेल के पास पिपलदा का रहने वाला है। करीब डेढ़ साल पहले ही उन्होंने जमीन लेकर मकान बनाया था।

# यातायात विभाग ने 5 बसों के काटे चालान

● **बस संचालकों व सूबेदार के बीच हुआ विवाद, बोले- गलत कार्रवाई की, रुपए वापस करें**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू में यातायात विभाग ने उपनगरी बसों पर कार्रवाई की। विभाग ने 5 बसों के चालान काट दिए। यातायात विभाग की कार्रवाई से बस संचालक नाराज दिखे। बस संचालकों और यातायात सूबेदार के बीच विवाद हो गया। बस संचालकों ने कहा कि विभाग ने गलत कार्रवाई की है। हमारे रुपए वापस किए जाएं।**

इस दौरान पुलिस ने 5 बसों के चालन बनाए और प्रेशर हॉर्न निकालकर जब्त किए। चालानी कार्रवाई की खबर लगते ही मौके पर बसों के संचालक भी पहुंच गए। धीरे-धीरे यातायात पुलिस और बस संचालकों में विवाद होने लगा। इस दौरान कई नेता भी मौके पर पहुंचे और यातायात के सूबेदार विनोद यादव से हुज्जत करते हुए नजर आए। नेताओं और बस संचालकों का कहना था कि जब हमारी गाड़ी में प्रेशर हॉर्न लगा ही नहीं है। हमारी गाड़ी का हॉर्न ही खराब है तो कौन से नियम के तहत चालान काटा गया। आधे घंटे तक विवाद चलता रहा तभी मौके पर कोतवाली थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया भी बल के साथ पहुंचे और विवाद शांत कराते हुए नजर आए।

### टीआई ने शांत कराया विवाद

बस संचालक का कहना था कि गलत चालन काटा गया है। हमारे पैसे वापस किए जाएं। इस दौरान बस संचालक हड़ताल करने की भी बात कह रहे थे। कुछ देर बाद कोतवाली टीआई भदोरिया ने बस संचालक और नेताओं को साइड में ले जाकर चर्चा की और विवाद शांत हुआ। उसके बाद चालानी कार्यवाही भी खत्म कर दी गई।

# तस्कर पकड़ाए, ब्राउन शुगर और गांजा बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आपरेशन प्रहार के तहत एक बार फिर स कार्रवाई करते हुए नशे के सौदागरों को गिरफ्तार कर इनके पास से ब्राउन शुगर और गांजा बरामद किया है। दोनों कार्रवाई अलग-अलग स्थानों पर की गई।**

क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सी एच एल हास्पिटल के आस पास एक संदिग्ध व्यक्ति अपनी मोटर सायकल से ब्राउन शुगर की डिलीवरी करने आ रहा हैं। टीम ने लसूडिय़ा पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए सोनू यादव,मूल निवासी धार को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से 50 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। क्राइम ब्रांच ने गांधी नगर पुलिस के साथ मिलकर गांधी नगर से भी बाइक सहित दो तस्करों को बंदी बनाया है। इनके पास से भी ब्राउन शुगर बरामद हुई है। आरोपियों के नाम मोहित शर्मा मल्हारगंज और राहुल राठौर ,एरोड्रम बताए गए हैं। इनके पास से भी 7.27 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई है। क्राइम ब्रांच ने इन दोनों मामलों में तीन आरोपियों से 57.27 ग्राम ब्राउन शुगर और दो बाइक,तीन मोबाइल जब्त किए हैं। जब्त ब्राउन शुगर की कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई गई है। भंवकुआ पुलिस ने भी सवा किलो गांजे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बदमाश चिल्ड वॉटर ,पानी के केपर में गांजा रखकर छात्रों को सप्लाय करते थे। दोनों आरोपी आदतन बदमाश हैं। इनके खिलाफ पहले भी कई केस दर्ज हो चुके हैं। भंवरकुआ चौराहा के पास सर्विस रोड पर गश्त करते समय पुलिस को एक काले रंग की मोटरसाईकिल पर एक पानी का के पर लिये संदिग्ध खडे दिखाई दिये ये पुलिस को देखकर भागने लगे जो हाडबडाहट में मोटरसाईकिल सहित गिर गये। गिरने से उनके पास रखें पानी के के पर की ढक्कन खुलने से पानी के के पर में रखा गांजा सडक पर गिर गया। पुलिस ने उन दोनों संदिग्धों को पकड़ा इनके नाम संजय दांगी, ग्राम जिला राजगढ हाल निवास भंवरकुआ, राजू गौड, जूनी इन्दौर पता चले। इनके कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम गांजा मिला जिसे के पर में छिपाकर ले जाया जा रहा था। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे के पर में गांजा रखकर छात्रों को सप्लाय करते थे। इनका पुराना रिकार्ड भी मिला है। आरोपी संजय दांगी के विरुद्ध मारपीट का एक अपराध तथा आरोपी राजू गौड के विरुद्ध लडाई झगड़ा मारपीट,जुआ एक्ट,डकैती की तैयारी जैसे चार केस दर्ज मिले हैं।

# ट्रेफिक पुलिस ने हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** डीसीपी ट्रैफिक मनीष कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में यातायात प्रबंधन पुलिस की विभिन्न टीमो द्वारा दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के प्रति जागरूक करने के लिए रोको-टोको अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मु य उद्देश्य हेलमेट के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाना है, क्योंकि सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का सबसे मु य कारण सिर में चोट लगना होता है। 9 मई मंगलवार को यातायात प्रबंधन जोन-1 के कालानी नगर, शिक्षक नगर वार्ड में यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। डीसीपी यातायात प्रबंधन ने उक्त अभियान के दौरान जिम्मेदार नागरिकों से यातायात नियमों का पालन कर ही वाहन चलाने की अपील की है। घर से दो पहिया वाहन पर निकले तो हेलमेट अवश्य लगाएं। मंगलवार को सभी क्यूआरटी टीमों के साथ अभियान के दौरान चिन्हित 24 पॉइंट पर टीम मौजूद रहेगी। उन लोगों को रोका टोका जाएगा,जो हेलमेट के बिना वाहन लेकर निकले हैं। उन्हें वापस घर से हेलमेट लगाकर आने के लिए भेजा जाएगा । इस दौरान कोई भी चालानी कार्रवाई नहीं की जाएगी। अधिकारी इस दौरान हेलमेट ना लगाकर निकले वाहन चालकों की जानकारी भी अपने पास एक रजिस्टर में रखेंगे।

# मोडिफाइड सायलेंसर बेचने वाले दुकानदार पर 40 हजार का जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मोडिफाइड सायलेंसर बेचने वाले एक और दुकानदार पर कोर्ट ने 40 हजार का जुमार्ना किया है। सोमवार को सीजेएम कोर्ट ने अंकित ऑटो डेकोर के मालिक पर अपनी दुकान में प्रतिबंधित तेज-कर्कश ध्वनि मोडिफाइड साइलेंसर का भंडारण करने पर 40 हजार रुपए का जुमार्ना किया है। अंकित ऑटो डेकोर से 109 मोडिफाइड साइलेंसर जब्त कर यातायात प्रबंधन पुलिस ने प्रकरण कोर्ट में प्रस्तुत किया था। उल्लेखनीय है कि इसके पहले 6 मई को छाबड़ा गैलरी पर भी मोडिफाइड साइलेंसर रखने पर कोर्ट ने 30 हजार रुपए का जुमार्ना किया था। लगातार शिकायतें मिलने के बाद गत दिनों ट्रेफिक पुलिस की टीम छोटी ग्वालटोली क्षेत्र में ऐसी दुकानों पर पहुंची थी, जहां माडिफाइड साइलेंसर बेचे जा रहे थे। इस दौरान अंकित ऑटो डेकोर पर 109 तेज- कर्कश ध्वनि माडिफाइड साइलेंसर मिले वही छाबड़ा ऑटो पाट्र्स पर 8 माडिफाइड साइलेंसर मिले थे। यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा सभी 117 मोडिफाइड साइलेंसर को जप्त कर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 182 -क (3) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया था। कोर्ट ने इन दोनों दुकानदारों पर कुल 70 हजार का जुर्माना किया है।

# इंस्टाग्राम पर कमेंट करने पर मारा चाकू

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर युवक द्वारा किए गए कमेंट पर बदमाशों ने उसे चाकू मारा और धमकी देकर भाग गए। जानकारी के अनुसार फरियादी अनस पिता अयूब खान 19 साल निवासी चंदन नगर ने पुलिस को बताया कि मेरी इंस्टाग्राम आईडी मेरा दोस्त चलाता है उसने मेरी आईडी पर कुछ कमेंट कर दिया इसी बात को लेकर अरमान उर्फ लाला अपने दो साथियों के साथ रात्रि 10:30 बजे मेरे घर पर आया और गालियां देने लगा मैंने गाली देने से मना किया तो उसने और अन्य ने मारपीट की फिर अरमान ने पेंट की जेब में से चाकू निकाला और मेरी जांग पर हमला करधमकी देकर भाग गए । चंदन नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। इसी प्रकार फरियादी जसवंत पिता मूलचंद चौहान 45 साल निवासी विराटनगर को घर के सामने लोडिंग गाड़ी खड़ी करने को लेकर आरोपी विनोद उर्फ श्याम पिता जगदीश राठौर ने विरोध किया इसी बात को लेकर विनोद ने से चाकू मार दिया और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। वही अलग-अलग स्थानों पर चाकूबाजी और मारपीट की घटनाएं हुई जिसमें 4 लोग घायल हो गए ।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT
समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।